भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 920 जिसका उत्तर

शुक्रवार, 29 नवंबर, 2024/8 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है

पत्तन क्षमता में वृद्धि करना

† 920 श्रीमती पूनमबेन माडम:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने सम्पूर्ण देश में पत्तन क्षमता में वृद्धि लाने में बहुत प्रगति की है।

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ग) इस वृद्धि का सम्पूर्ण देश के प्रमुख बंदरगाहों पर माल ढुलाई की मात्रा पर क्या प्रभाव पड़ेगा;

(घ) क्या सरकार की भारत की माल तुलाई क्षमता और वैश्विक व्यापार प्रतिस्पर्धात्मकता को और बढ़ाने के लिए अतिरिक्त पत्तन विकसित करने की योजना है, और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ग): जी हां। पिछले दशक के दौरान, महापत्तनों की कार्गो हैंडलिंग क्षमता वित्त वर्ष 2013-14 की 800.52 एमटीपीए से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 1629.86 एमटीपीए तक दुगनी हो गई है। परिणामस्वरूप, महापत्तनों में हैंडल किया गया कुल कार्गो वित्त वर्ष 2013-14 में 555.48 मिलियन टन से बढ़कर वित्त वर्ष 2023- 24 में 819.22 मिलियन टन हो गया है।

(घ) से (ङ): जी हां। महाराष्ट्र में वधावन पत्तन को देश के मेगा कंटेनर पत्तन के रूप में विकास किए जाने के लिए अनुमोदित किया है जो नई जनरेशन मेगा साइज़ कंटेनर जलयानों को हैंडल करने की आवश्यकता को पूरा करेगा।

*****